फ्रैंकिनसेन्स

बोस्वेलिया एसेन्शियल ऑयल 15 मिली

dōTERRA® | INDIA

प्रोडक्ट संबंधी जानकारी का पेज

CPTG®

उपयोगिता: A T N

पौधे का हिस्सा: बोस्वेलिया कार्टेरी, साक्रा, पैपायरीफेरा और फ्रेरेना से रेसिन
सुगंध का विवरण: गर्म, स्पाइसी, क्लीन
मुख्य रासायनिक संयोजन अल्फा-पिनेन, लिमोनेन, अल्फा-थुजेन

फ्रैंकिनसेन्स | ***बोस्वेलिया एसेन्शियल ऑयल 15 मिली***
SKU: 60219522

प्राथमिक फ़ायदे

+ त्वचा के विकारों को घटाते हुए उसे राहत दिलाता है.
+ शांति, आराम और संतुष्टि का अहसास जगाता है.
+ त्वचा को हाइड्रेट करने और उसमें नई जान जगाने में मदद करता है.
+ फ्रैंकिनसेन्स की सुकून देने वाली अनुभूति और महक एक संतुलित मूड बनाने में मदद करती है.

प्रोडक्ट का विवरण

एक सबसे अद्‌भुत और शानदार एसेन्शियल ऑयल के रूप में विख्यात फ्रैंकिनसेन्स में असाधारण फ़ायदे मौजूद हैं. बेबिलोनिया तथा सीरिया के लोग अपने धार्मिक प्रतिष्ठानों में फ्रैंकिनसेन्स को जलाते थे तथा प्राचीन इजिप्टवासी फ्रैंकिनसेन्स रेसिन का इस्तेमाल परफ्यूम से लेकर त्वचा पर शमन हेतु लेप के लिए करते रहे हैं. सदियों पुराना यह ज्ञान आज के आधुनिक युग में भी फ्रैंकिनसेन्स के इस्तेमाल को प्रासंगिक बनाता है. इसके त्वचा पर शमनकारी तथा सौन्दर्यवर्द्धक एवं कुछ विकारों को काफी हद तक मिटाने के गुणों के कारण त्वचा में नई जान जगाने के लिए इसका ऊपरी इस्तेमाल किया जाता है. छिड़के जाने पर फ्रैंकिनसेन्स शांति, राहत, संतुष्टि तथा एक आध्यात्मिक और भावनात्मक माहौल पैदा करता है.

इस्तेमाल

+ एक सुकून देने वाला प्रभाव पैदा करने के लिए फ्रैंकिनसेन्स को हाथों पर मलें.
+ त्वचा के विकारों को घटाने के लिए इसको ऊपर से लगाने पर फ़ायदा मिलता है.
+ तलवों पर मसाज करने से राहत और एक संतुलित मूड पाने में मदद मिलती है.

इस्तेमाल करने के लिए निर्देश

डिफ़्यूजन: अपनी पसंद के डिफ्यूजर में तीन से चार बूंदों का इस्तेमाल करें.

ऊपरी इस्तेमाल: शरीर के मनचाहे हिस्से पर एक से दो बूंदें लगाएं. त्वचा पर किसी संवेदनशीलता से बचने के लिए कैरियर ऑयल मिलाकर पतला करें. नीचे दी गई अतिरिक्त सावधानियों को पढ़ें.

सावधानियां

त्वचा में संवेदनशीलता पैदा हो सकती है. बच्चों की पहुंच से दूर रखें. गर्भवती स्त्री, स्तनपान कराने वाली स्त्री या जिनका कोई इलाज चल रहा हो, डॉक्टर से परामर्श करके ही इस्तेमाल करें. आंखों,कान के अंदर तथा संवेदनशील हिस्सों से संपर्क होने से बचाएं.

All words with trademark or registered trademark symbols are trademarks or registered trademarks of dōTERRA India Private Limited ©2021 dōTERRA India Private Limited